हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 3 नवंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 एसडीएम को मैं चलाता हूं: थाने में युवक की दबंगई, कब्जे को लेकर...



07 राघौगढ़ में प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से चल रहा पॉलीथिन का...



खबर संक्षेप



प्रभारी राजस्व अधिकारी सहित दो निगम कर्मचारी सेवानिवृत्त

सागर। नगर निगम के प्रभारी राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी एवं स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता कर्मचारी किशोरी के सेवानिवृत्त होने पर निगम कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी की उपस्थिति में दोनों कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल और पुष्पहार भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने बृजेश तिवारी के सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करते हुए राजस्व संग्रहण बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि सेवाकाल के दौरान किए गए अच्छे कार्य और सहकर्मियों के साथ बने आत्मीय संबंध हमेशा याद रहते हैं। स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत सहित निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों, एमआईसी सदस्य विनोद तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि नरेश यादव एवं शैलेष जैन ने दोनों कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। समारोह में कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा कर भावभीनी विदाई दी।



अवनि से प्रेम की अनुभूति है 'निसर्ग गाथा' : त्रिपाठी

सागर। वरिष्ठ लेखिका एवं कवयित्री डॉ. संध्या सर्वटे के छायाचित्र संग्रह 'निसर्ग गाथा' का रविवार को श्यामलम संस्था द्वारा आदर्श संगीत महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार टीकाराम त्रिपाठी ने की। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. संध्या टिकेकर तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शरद सिंह रहीं। पुस्तक में पिछले 25 वर्षों के दौरान मोबाइल से खींचे गए प्रकृति के छायाचित्रों को संकलित किया गया है। अतिथियों ने डॉ. सर्वटे के प्रकृति प्रेम और उनके इस अनूठे प्रयास की सराहना की। अध्यक्षीय उद्बोधन में टीकाराम त्रिपाठी ने कहा कि चित्रों को पुस्तक का रूप देकर प्रकृति को श्रेष्ठ मुकाम देना और उस पर चर्चा करना निश्चित ही अवनि से प्रेम की अभिव्यक्ति है। इस अवसर पर डॉ. संध्या सर्वटे ने छायाचित्रों के संकलन और पुस्तक तैयार करने के अनुभव साझा किए। संस्था की ओर से उनका शॉल, श्रीफल और सम्मान पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना निशा तिवारी ने प्रस्तुत की, जबकि डॉ. नलिन निर्मल ने गणेश वंदना का स्वरचित गीत सुनाया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अमर जैन ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रो. डॉ. छाया चौकसे ने किया। इस अवसर पर शहर के अनेक साहित्यकार, लेखक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन आमंत्रित

सागर। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक के लिए अपना आवेदन 23 नवम्बर तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

पूर्व में मिल चुके हैं तेंदुए के शव, वाहन दुर्घटनाओं में शिकार होने की आशंका

गौरझामर में हाइवे के समीप घायल टाइगर मिलने हड़कंप, रेस्क्यु के प्रयास आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ



सागर जिले के गौरझामर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 44 फोरलाईन सड़क के समीप पुरानी हाइवे सड़क के किनारे पर सोमवार दोपहर वाहन चालकों द्वारा एक घायल बाघ को बैठा हुआ देखा गया जिसके बाद उसे देखने के लिए वाहन चालकों और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जिसकी जानकारी थाना पुलिस द्वारा वन विभाग के अधिकारियों को दी गई थी जिसके बाद रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व एवं पन्ना टाइगर रिजर्व की विशेष टीम द्वारा तेंदुये और रेस्क्यु करने के प्रयास आरंभ किये गये है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरझामर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 44 सड़क पर स्थित गुरू चौपड़ा तिराहे के समीप सड़क नीचे झाड़ियों और पत्थरों में छिपकर एक बाघ घायल अवस्था में बैठा हुआ देखा गया था। जिसकी सूचना सार्वजनिक होने के बाद इलाके में अफरा तफरी का माहौल बन गया वहीं घायल अवस्था में बैठे बाघ को देखकर नेशनल हाईवे सड़क से गुजर रहे लोगों का हुजूम लग गया। वाहन चालक एवं ग्रामीण अपने-अपने मोबाइल में उस घायल या बीमार टाइगर की तस्वीर को कैद करने में लग गए। घटना सोमवार सुबह 12 बजे की है। धीरे-धीरे सैकड़ो की संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई और सड़क पर वाहनों की भी लंबी कतार देखी गई। मामले की सूचना मिलने के बाद पहुँची थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर स्थिति को नियंत्रित किया और घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई थी। सूचना मिलने के बाद पहुँचे वन अधिकारियों द्वारा मामला वाइल्ड लाइफ से जुड़ा होने के कारण वरिष्ठ अधिकारियों को वाकये से अवगत कराया।

वरिष्ठ अधिकारियों ने डेरा डाला रेस्क्यु के प्रयास आरंभ

मामले की सूचना मिलने के बाद सीसीएफ सागर सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुँच गये है, घायल या बीमार बाघ की निगरानी एवं उसके मूवमेंट पर नजर रखने के लिए वन विभाग द्वारा टीम तैनात की गई है। वन अधिकारियों का मानना है कि उक्त बाघ घायल या बीमार हो सकता है, परंतु उसके नजदीक जाना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है इसलिए उसे ट्रेक्युलाइज करने एवं रेस्क्यु के लिए रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व एवं पन्ना टाइगर रिजर्व की टीम को संपर्क किया गया है। जिनके आने के बाद उसे रेस्क्यु करने की कार्रवाई आरंभ की जाएगी। उस दौरान बाघ की गतिविधियों पर पूरी नजर रखी जा रही है। उसके आसपास कोई न पहुँचे इस बाबत भी निगरानी की जा रही है। वन अधिकारियों का मानना है कि उक्त बाघ व्यस्क अवस्था का नजर आ रहा है। जिसके रेस्क्यु होने के बाद पूरी स्थिति स्पष्ट होने की संभावना है।

दो दशक बाद बाघ की हलचल, पहले मिल चुके है तेंदुए के शव

गौरझामर थाना क्षेत्र के उक्त इलाके एवं आसपास के जंगलों में विगत 2 दशकों में बाघ की मौजूदगी एवं उसकी हलचल की कोई घटना सामने नही आई है, परंतु लंबे अरसे बाद बाघ की उपस्थिति ने सनसनी फैला दी है। परंतु विगत समय में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर गुरू चाप तिराहे से लेकर घोषी पट्टी तक के इलाके में पूर्व में कई बार तेंदुओं के शव मिल चुके है, विगत वर्ष नवम्बर 2016 एवं जनवरी 2021 एवं दिसम्बर 2024 में उक्त स्थानों पर तेंदुये के शव सड़क के किनारे बरामद हुए थे। जिसके संबंध में वन विभाग द्वारा पोस्टमार्टम के बाद मृत्यु के कारण वाहन से दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका जाहिर की गई थी। दरअसल उक्त इलाके से लगे नाहरमऊ एव बरकोटी की पहाड़ी के जंगल की झाड़ियों तेंदुओं के आवास होने जानकारी कई बार सामने आ चुकी है। लेन्टाना एवं करोंदा सहित अन्य झाड़ियों में रहने वाले उक्त तेंदुये भी कृषकों एवं ग्रामीणों द्वारा कई बार विचरण करते हुए देखे गये है।

परंतु इस बार घायल अवस्था में बाघ मिलने के कारण पूरे इलाके में हड़कंप व्याप्त है, विगत दो दशकों में उक्त इलाके में बाघ की मौजूदगी या हलचल ने ग्रामीणों एवं वन विभाग को चिंता में डाल दिया है। वन विभाग के अधिकारी यह जानने को लेकर उत्सुक है कि उक्त बाघ उस इलाके में कैसे पहुँचा है, ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि उक्त बाघ रानगिर जंगलों या रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व से होकर उक्त इलाके में पहुँचा है। वन अधिकारियों को उम्मीद है कि उसके रेस्क्यु होने के बाद उसके घायल होने या बीमार होने के रहस्य से पर्दा उठ जाएगा।



अवैध शराब तस्करी में टाटा सूमो जब्त 3.63 लाख का मशरूका बरामद

सागर। अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए केसली पुलिस ने भौरयाऊ घाटी स्थित वनदेवी रोड पर घेराबंदी कर सफेद रंग की टाटा सूमो गोल्ड कार से 544 पाव (97.92 बल्क लीटर) देशी शराब जब्त की है। पुलिस ने शराब और तस्करी में प्रयुक्त वाहन सहित कुल 3 लाख 63 हजार 400 रुपये का मशरूका बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक संजीव सिंहा के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि टाटा सूमो क्रमांक एमपी 15 डीए 1008 से अवैध शराब लाई जा रही है। पुलिस ने वनदेवी रोड पर नाकाबंदी कर वाहन को रोका।

इस दौरान चालक अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान नीरज उर्फ गनेश साहू (45), निवासी सहजपुर के रूप में हुई। वाहन की तलाशी में 11 पेटियों से 450 पाव मसाला और 94 पाव प्लेन देशी शराब बरामद हुई। जब्त शराब की कीमत 63 हजार 400 रुपये और टाटा सूमो की कीमत तीन लाख रुपये आंकी गई है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सहजपुर निवासी सच्चू पाण्डे और गबराल लोधी के कहने पर रायसेन जिले के सियरमऊ स्थित शराब ठेके से कम कीमत पर शराब खरीदकर लाता था। इसके बदले उसे वाहन किराया और कमीशन मिलता था। शराब को सहजपुर क्षेत्र में खपाने की योजना थी। मामले में सियरमऊ शराब ठेका गद्दीदार सहित चार व्यक्तियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी धर्मराज सिंह बघेल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक माधव सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक दिनेश, खिलान, आरक्षक उदित शर्मा एवं प्रधान आरक्षक अहफाज अख्तर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में शामिल लोगों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।



कैंट पुलिस ने मोबाइल गोदाम में 3 लाख की चोरी का किया खुलासा, दो कर्मचारी गिरफ्तार

सागर। ग्राम पटकुई स्थित मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान के गोदाम में हुई करीब तीन लाख रुपये की चोरी का कैंट पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी गोदाम में ही कर्मचारी थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर बड़ी संख्या में चोरी किए गए इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार फरियादी आकाश फब्बानी का ग्राम पटकुई में मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान का गोदाम है। यहां आकाश रजक और शुभम शिल्पी काम करते थे। आरोप है कि दोनों ने 28 सितंबर से 18 अक्टूबर के बीच आपसी मिलीभगत से गोदाम में रखे सामान की चोरी की। स्टॉक मिलान और सीसीटीवी फुटेज की जांच में उनकी संलिप्तता सामने आने के बाद दोनों काम छोड़कर फरार हो गए थे। शिकायत पर कैंट पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 360 स्पीकर, 200 एयरपॉड्स और 945 सीएमएफ ईयरबड्स सहित कुल 2 लाख 34 हजार 100 रुपये कीमत का सामान बरामद किया है। शेष चोरी गए सामान के संबंध में विवेचना जारी है।गिरफ्तार आरोपियों में आकाश रजक (22), निवासी एसपी बंगला के पास, कैंट और शुभम शिल्पी (26), निवासी ग्राम पटकुई शामिल हैं।

युवाओं को भ्रमित कर रही कांग्रेस: अभिषेक

प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए : रानी कुशवाहा गढ़ाकोटा में हुआ प्रबुद्ध जन संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



गढ़ाकोटा में भाजपा द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं भाजपा जिला अध्यक्ष रानी कुशवाहा ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मत दाता सूची में होना चाहिए। मृतक, स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरी प्रविष्टियों को हटाना आवश्यक है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि एसआईआर को लेकर विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाना उचित नहीं है।

मुख्य वक्ता अभिषेक भार्गव ने कहा कि कांग्रेस युवाओं को भ्रमित कर रही है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने से पहले तथ्यों को समझना जरूरी है। जनता के जनादेश का सम्मान करना सभी राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है।

विशिष्ट अतिथि एवं पन्ना जिले के प्रभारी जाहर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत हमेशा अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखकर निर्णय लेता है। वहीं श्याम मनोहर पचौरी ने आतंकवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा और देश की एकता-अखंडता जैसे विषयों पर राजनीतिक लाभ-हानि से ऊपर उठकर विचार करने की बात कही।

जिला मीडिया प्रभारी नवीन भट्ट ने बताया कि इसी क्रम में 2 नवंबर को दोपहर 12 बजे राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय बंडा में युवा विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मितेंद्र मोनू चौहान, शैलेंद्र ठाकुर, संजय दुबे, भरत पंडा, मनोज तिवारी, हरिनारायण पटेल, भूपेंद्र चौधरी, रामकुमार लोधी, महेश यादव, दीपक सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार अर्टिगा की टक्कर से बाइक सवार की मौत, देवरी-रहली मार्ग पर हादसा

रिश्तेदारी में जा रहे थे 55 वर्षीय भरत सेन कार चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी-रहली मार्ग पर रविवार शाम ग्राम डोंगर सलैया के बिजासेन मंदिर के पास मोड़ पर तेज रफ्तार अर्टिगा कार की टक्कर से बाइक सवार 55 वर्षीय भरत सेन की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन सहित फरार हो गया। जान कारी के अनुसार गढ़ाकोटा के ग्राम उदयपुरा निवासी भरत सेन रविवार शाम बाइक एमपी 15 एनएच 7634 से रिश्तेदारी में देवरी जा रहे थे। शाम करीब 5 बजे डोंगर सलैया के पास सामने से आ रही नीले रंग की कार एमपी 15 जेडक्यू 1115 ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में भरत सेन के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं।

ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को देवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कार चालक फरार है।

बेलगाम वाहनों से बढ़ रहे हादसे

देवरी क्षेत्र के मुख्यमार्गों और ग्रामीण सड़कों पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। क्षेत्र में पूर्व में भी हिट एंड रन की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद तेज रफ्तार और लापर वाही से वाहन चलाने वालों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत महसूस की जा रही है।



घनी आबादी में अवैध पटाखों के गोदाम पर दबिश, 60 हजार के पटाखे जब्त

रहली में पुलिस-प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई, 72 वर्षीय गोदाम संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

घनी आबादी वाले रिहायशी क्षेत्र में बिना लाइसेंस पटाखों का भंडारण करने के मामले में रहली पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब 60 हजार रुपये कीमत के पटाखे जब्त किए हैं। मामले में 72 वर्षीय उत्तमचंद्र जैन के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 1 नवंबर को उप निरीक्षक हरिसिंह तोमर पुलिस बल और तहसीलदार रहली के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक 10 निवासी उत्तमचंद्र जैन द्वारा पप्पन (प्राइम स्नेक्स) के गोदाम में अवैध रूप से पटाखे जमा किए गए हैं। संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश देकर गोदाम की दूसरी मंजिल के हॉल से बड़ी मात्रा में पटाखे बरामद किए। तलाशी में सुतली बम, बुलेट बम, चकरी, अनार, रॉकेट, लड़ियां, फुलझड़ी सहित अन्य आतिशबाजी सामग्री मिली। जब्त पटाखों की कीमत करीब 60 हजार रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी ने करीब तीन दिन पहले सागर से पटाखे लाकर बिना लाइसेंस भंडारण करना स्वीकार किया। वह पटाखों के क्रय-विक्रय और भंडारण संबंधी वैध दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 288, 125 और विस्फोटक अधिनियम की धारा 9(ख) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को नोटिस तामील कर नियमानुसार पाबंद किया गया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि पटाखों का भंडारण और विक्रय वैध लाइसेंस एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही करें।

अनुकंपा नियुक्ति और संबल योजना के प्रकरणों का संवेदनशीलता से शीघ्र निराकरण करें

सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों के स्वत्वों का समय-सीमा में भुगतान सुनिश्चित करें : कलेक्टर दिलीप कुमार यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, शासकीय योजनाओं की प्रगति तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण संवेदनशीलता एवं सहानुभूतिपूर्वक शीघ्रता से किया जाए, ताकि दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रितों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। सभी विभाग प्रमुख सुनिश्चित करें कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहें और उनका समय-सीमा में निराकरण किया जाए। इसी प्रकार सभी विभागों के अंतर्गत सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के उपरांत देय स्वत्वों का भुगतान नियमानुसार एवं समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। किसी भी सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी को अपने देयकों के भुगतान के लिए अनावश्यक परेशान न होना पड़े।

कलेक्टर यादव ने मुख्यमंत्री संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरणों का निराकरण सहानुभूति पूर्वक एवं प्राथमिकता से किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबल योजना के अपील प्रकरणों की जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायवार समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों की संख्या शून्य करने के निर्देश दिए।

विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र सुधारने अथवा बदलने, विद्युत लाइनों का नियमित मेंटेनेंस करने तथा गलत बिजली बिलों की नियमानुसार जांच कर तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम कुसुम योजना की प्रगति की समीक्षा की तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा जिले में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं मुख्यमंत्री जनविश्वास में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविरों में प्राप्त शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारी नियमित मॉनीटरिंग करें।

प्रधानमंत्री आवास योजना, आवास प्लस एवं धारणाधिकार योजना के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने उनका प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों एवं उनके प्रत्युत्तर की समीक्षा करते हुए कहा कि आयोगों द्वारा प्रेषित पत्रों का जवाब निर्धारित समय-सीमा में भेजा जाए। इसी प्रकार रिट याचिकाओं एवं न्यायालयीन पत्रों के जवाब भी समय-सीमा में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने भू-अर्जन तथा अनुभागवार राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने तहसीलवार स्वामित्व योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए योजना के अंतर्गत पंजीयन का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर, समस्त एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

थाने में रौब झाड़ने वाले युवक ने खुद को बताया वकील, बाजीतपुरा में भू-माफियाओं के हौसले बुलंद

एसडीएम को मैं चलाता हूं: थाने में युवक की दबंगई, कब्जे को लेकर गरमाया विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में सरकारी जमीनों पर कब्जे को लेकर भू-माफियाओं के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसका एक चौंकाने वाला मामला जतारा तहसील के ग्राम बाजीतपुरा से सामने आया है। यहां शासकीय भूमि पर कथित रूप से दोबारा कब्जे की कोशिश की गई। विरोध करने वाले किसानों के साथ विवाद और मारपीट की नौबत बन गई। मामला तब और दिलचस्प हो गया, जब जतारा पुलिस को सूचना मिलने के बाद एक युवक खुद को वकील बताकर जतारा थाने पहुंच गया और थाना प्रभारी रवि गुप्ता के सामने कथित तौर पर रौब झाड़ते हुए कहने लगा कि जतारा एसडीएम को मैं ही चलाता हूं। इतना ही नहीं, युवक ने यह दावा भी किया कि वह शासकीय जमीन का जुर्माना भर चुका है, इसलिए जमीन उसी की है। हालांकि, थाना प्रभारी गुप्ता ने उसकी बातों में आने के बजाय वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने की दो टूक बात कहकर उसे जवाब दे दिया। जतारा पुलिस की तत्परता से मौके पर बड़ा विवाद टल गया, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने सरकारी जमीनों पर कब्जे और प्रशासनिक कार्रवाई के प्रभाव पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



2023 में भी हो चुकी है कार्रवाई, फिर से किया था कब्जा

इस मामले का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि विवादित शासकीय जमीन पर पहले भी प्रशासनिक कार्रवाई हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2023 में तत्कालीन तहसीलदार ने प्रकरण क्रमांक 0162/बी 121/2022-23 में 19 जून 2023 को आदेश जारी किया था। इस आदेश के तहत अतिक्रमणकारियों पर दो हजार रुपये का अर्थदंड लगाने के साथ सिविल जेल की कार्रवाई के आदेश भी पारित किए गए थे। इसके बावजूद उसी जमीन पर दोबारा ट्रैक्टर चलाकर कब्जे की कोशिश किए जाने के आरोप सामने आए हैं। ऐसे में सवाल यह है कि जब राजस्व विभाग पहले ही इस जमीन पर कार्रवाई कर चुका था तो फिर कथित अतिक्रमणकारियों ने पुनः कब्जा कैसे कर लिया। क्या पूर्व में जारी आदेश का प्रभावी पालन नहीं कराया गया या फिर सरकारी जमीन को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई केवल कागजों तक ही सीमित रह गई। इन सवालों का जवाब राजस्व विभाग की जांच और कार्रवाई से ही सामने आएगा।

सरकारी जमीन पर ट्रैक्टर चलाकर कब्जे की कोशिश

जानकारी के अनुसार ग्राम बाजीतपुरा में शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 111/1/1 पर कुछ लोगों द्वारा ट्रैक्टर चलाकर जमीन जोतने और लोहे के एंगल लगाकर कब्जा करने की कोशिश की जा रही थी। इसी दौरान वहां से निकलने वाले स्थानीय किसानों ने जब इस गतिविधि का विरोध किया तो कथित अतिक्रमणकारी विवाद करने लगे। स्थिति मारपीट तक पहुंचने की आशंका बनने लगी। किसानों को यह चिंता भी सताने लगी कि यदि सरकारी जमीन पर कब्जा कर रास्ता बंद कर दिया गया तो उनका आवागमन प्रभावित हो सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल जतारा थाना प्रभारी रवि गुप्ता को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस को आता देखकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग निकले। इसके बाद पीड़ित किसानों ने वर्तमान तहसीलदार निशांत चौरसिया को शिकायत सौंपकर कथित अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग की।

थाने में पहुंचकर किया एसडीएम को लेकर बड़ा दावा

पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला घटनाक्रम उस समय सामने आया, जब बाजीतपुरा निवासी एक युवक जतारा थाने पहुंच गया। खुद को पेशे से वकील बताने वाले इस युवक ने थाना प्रभारी रवि गुप्ता के सामने कथित तौर पर अपना रौब दिखाना शुरू कर दिया। बातचीत के दौरान उसने दावा किया कि वह अभी जतारा एसडीएम से मिलकर आया है और एसडीएम को तो वही चलाता है। युवक ने यह भी तर्क दिया कि वह सरकारी जमीन का जुर्माना भर चुका है, इसलिए जमीन पर उसका अधिकार है। बताया जाता है कि युवक इस दौरान छिपकर पूरी बातचीत का वीडियो भी बना रहा था। हालांकि, थाना प्रभारी रवि गुप्ता ने संयम और सूझबूझ का परिचय देते हुए उसकी बातों में आने से इनकार कर दिया। जतारा थाना प्रभारी गुप्ता ने स्पष्ट कहा कि यदि वह वकील है तो जमीन के वैध दस्तावेज प्रस्तुत करे। केवल जुर्माना भर देने से शासकीय जमीन पर मालिकाना हक नहीं मिल जाता। राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी यदि लिखित में जमीन के संबंध में कोई वैधानिक आदेश देंगे, तभी नियमानुसार आगे की बात होगी।

इनका कहना है

मैंने पूरे मामले की जानकारी की है इस मामले में जल्दी ही कार्रवाई होगी। शासकीय भूमि पर किसी को भी अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा, ना ही किसानों का रास्ता रोका जायेगा।

नीरज खरे, एसडीएम, जतारा

जितेंद्र को 1.68 लाख व रतिराम को 1.20 लाख का पुरस्कार

किसान स्वाभिमान पर्व में अखिलेश ने मारी बाजी, ट्रैक्टर के लिए मिले 7 लाख



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस जिले में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय उत्सव भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत विशेष प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान हासिल करने वाले किसान अखिलेश यादव को ट्रैक्टर खरीदने के लिए 7 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले जितेंद्र यादव को बुलेट बाइक के लिए 1 लाख 68 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान पर रहे रतिराम यादव को ई-स्कूटी के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जतारा विधायक हरिशंकर खटीक उपस्थित रहे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ कृषि विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के अनाज, उन्नत बीज, कृषि योजनाओं तथा स्प्रेयर पंप मशीन सहित कृषि उपयोगी सामग्री प्रदर्शित की गई थी। विधायक ने प्रदर्शित उत्पादों और विभागीय गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की। कार्यक्रम में बताया गया कि मध्यप्रदेश में पहली बार किसानों के लिए इतने व्यापक स्तर पर इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसका उद्देश्य किसानों को कृषि के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना तथा खेती को आधुनिक तकनीक और नवाचार से जोड़ना है। विजेता किसानों को दी गई पुरस्कार राशि ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी, पूर्व विधायक पृथ्वीपुर शिशुपाल यादव, विवेक चतुर्वेदी, अजय यादव एवं सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया जोर

क्षत्राणियों ने एकजुटता का दिया संदेश दशहरा मिलन समारोह में हुआ मंथन



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

महाराजा छत्रसाल क्षत्राणी मातृशक्ति प्रेरणा समिति के तत्वावधान में दशहरा मिलन समारोह भव्यता और गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। समारोह में 160 से अधिक क्षत्राणी मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर सामाजिक एकता और महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया। आयोजन का उद्देश्य समाज की महिलाओं को एक मंच पर जोड़ना, आपसी समन्वय मजबूत करना, सामाजिक कुरीतियों को दूर करना तथा शिक्षा और स्वरोजगार के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य सुषमा सिंह बुंदेला उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं बीना विधायक मंजू राजा बुंदेला, राष्ट्रीय सचिव ममता राजे परमार (दतिया), जिला अध्यक्ष झांसी मीरा राजा, सरोज बुंदेला (झांसी), राकेश परमार एवं राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार एडवोकेट सुषमा सिंह बुंदेला सहित अन्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति रही। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुषमा सिंह बुंदेला ने कहा कि समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है, जब सभी लोग एकजुट होकर एक-दूसरे का सहयोग करें। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि किसी परिवार को बच्चों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो समाज को आगे आकर उसकी मदद करनी चाहिए। विवाह सहित अन्य सामाजिक आयोजनों में भी परस्पर सहयोग और सहभागिता की भावना विकसित होनी चाहिए।

राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष एडवोकेट सुषमा सिंह बुंदेला ने महिलाओं को स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि दशहरा मिलन जैसे आयोजन केवल मेल-मिलाप तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज में सहयोग, समर्पण और संगठन की भावना को मजबूत करने का अवसर भी हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं मातृशक्तियों द्वारा प्रदान की गई सहयोग राशि के लिए आभार जताया। उक्त समारोह में सामाजिक विचारों के साथ सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिला। बच्चियों ने बुंदेली लोकगीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कु. राम्या बुंदेला ने क्षत्रिय समाज की गौरवशाली परंपराओं और क्षत्रिय होने के गौरव पर अपने विचार रखे। विशेष अतिथि डॉ. प्रीति सिंह परमार ने महिला सशक्तीकरण, सामाजिक जागरूकता और महिलाओं की सामूहिक भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में समिति की उपाध्यक्ष रज्जू राजा बुंदेला, प्रतिभा राजा बुंदेला, गणेश राजा बुंदेला, सचिव भावना राजा परमार, रंजना राजा, सुरभि बुंदेला, रिंकी राजा परमार, अवधेश राजा बुंदेला, पुष्पमणि बुंदेला तथा बल्देवगढ़ से पवन कुमारी बुंदेला सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां मौजूद रहीं। मंच संचालन शालिनी बुंदेला ने किया। समारोह ने समाज की महिलाओं को एकजुट करने के साथ शिक्षा, सामाजिक सहयोग, कुरीति उन्मूलन और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में मिलकर आगे बढ़ने का सकारात्मक संदेश दिया।



आरटीओ कार्यालय में चोरों का धावा रात के अंधेरे में तोड़े कई ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर में चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। अब चोरों ने आरटीओ विभाग के कार्यालय को निशाना बनाते हुए रात्रि के समय चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोर कार्यालय के पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे और वहां रखी अलमारी को खंगालने के साथ ही कई अन्य ताले भी तोड़ दिए। घटना के बाद कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आरटीओ अधिकारी प्रवीण नाहर ने जानकारी देते हुये बताया कि रात्रि के समय अज्ञात चोर कार्यालय के पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए। इसके बाद उन्होंने कार्यालय में रखी अलमारी को खंगाला और कई स्थानों पर लगे ताले तोड़ दिए। प्रथम दृष्टया वारदात को नगदी रुपये चोरी करने के उद्देश्य से अंजाम दिया जाना प्रतीत हो रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आरटीओ विभाग द्वारा पुलिस को सूचना दी गई है। फिलहाल चोरी गए सामान और नगदी की वास्तविक जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस जांच और कार्यालय में उपलब्ध रिकॉर्ड के मिलान के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि चोर अपने साथ क्या-क्या ले गए हैं। आरटीओ जैसे महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय में चोरी की घटना ने सुरक्षा इंतजामों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब पुलिस के सामने कार्यालय में घुसे अज्ञात चोरों का पता लगाने और चोरी गए सामान का खुलासा करने की चुनौती है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पीछे का ताला तोड़कर घुसे, अलमारी और दस्तावेज खंगाले, नगदी चोरी की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

थाना प्रभारी बनते ही गोयल ने की 3 जगह ताबड़तोड़ कार्रवाई

पकड़ी अवैध शराब, बुड़ेरा पुलिस ने चार आरोपियों पर की कार्रवाई, 71 हजार का मशरूका जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

बुड़ेरा थाना प्रभारी का प्रभार संभालते ही जयेंद्र गोयल के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। बुड़ेरा पुलिस की इस कार्रवाई में चार आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर करीब 49 लीटर अवैध शराब और एक अपाचे मोटरसाइकिल जब्त की गई है। जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 71 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी सौरभ रत्नाकर के निर्देशन में जिले में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, अवैध हथियारों तथा फरार एवं इनामी आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एक नवंबर की रात बुड़ेरा पुलिस को मुखबिर से ग्राम खौड़ेरा में अवैध शराब बिक्री के लिए रखे जाने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दबिश दी। यहां पुष्पेन्द्र लोधी निवासी माडूमर और बृजेश रैकवार निवासी पठा के कब्जे से एक लाल रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर रखे



खाकी रंग के कार्टून एवं सफेद प्लास्टिक की बोरी से देशी मसाला और प्लेन शराब के कुल 240 क्वार्टर बरामद किए गए। शराब की कुल मात्रा 43 लीटर 200 मिलीलीटर पाई गई, जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपये आंकी गई। पुलिस ने मोटरसाइकिल सहित शराब जब्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इसी क्रम में दूसरी कार्रवाई मड़खरा तिगैला के पास की गई। यहां पुलिस ने ग्राम नयागांव निवासी गोरीशंकर राय के कब्जे से प्लास्टिक की कुप्पी में रखी करीब तीन लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब बरामद की। इसकी कीमत लगभग 300 रुपये बताई गई। वहीं तीसरी कार्रवाई ग्राम पुरैनिया में सरकारी स्कूल के पास की गई, जहां सीता कुम्हार निवासी पुरैनिया के कब्जे से तीन लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। इसकी कीमत भी करीब 300 रुपये आंकी गई। दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बुड़ेरा पुलिस की इन तीनों कार्रवाइयों में कुल चार आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए करीब 49 लीटर अवैध शराब और एक अपाचे मोटरसाइकिल जब्त की गई। थाना प्रभारी का प्रभार संभालने के शुरुआती दौर में ही हुई इन कार्रवाइयों को क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस की सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है। उक्त कार्रवाई में बुड़ेरा थाना प्रभारी जयेन्द्र गोयल, चुन्नूलाल समुद्रे, अमरनाथ, मुन्नालाल प्रजापति आदि का रहा योगदान।

5 हजार किसानों को जोड़कर ताकत बढ़ाएगा किसान संघ



टीकमगढ़। भारतीय किसान संघ ने संगठन को मजबूत बनाने और किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में किसान संघ का मुख्य आधार, हम जानें अपना अधिकार अभियान के तहत भारतीय किसान संघ जिला टीकमगढ़ की दिगौड़ा एवं मोहनगढ़ तहसील की मासिक बैठक दिगौड़ा स्थित देवी जी प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में दोनों तहसीलों से 5 हजार नए किसानों को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। वहीं किसानों की विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर विद्युत विभाग को 8 दिन का अल्टीमेटम देते हुए आंदोलन की चेतावनी भी दी गई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष फूल सिंह घोष ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बलराम, भारत माता एवं दत्तोपंत के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती और सदस्यता अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। तहसील अध्यक्ष फूल सिंह घोष ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव पहुंचकर अधिक से अधिक किसानों को संगठन से जोड़ें, ताकि किसानों की समस्याओं को मजबूती के साथ उठाया जा सके। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने दिगौड़ा और मोहनगढ़ तहसील में 5 हजार नए किसानों को सदस्य बनाने का संकल्प लिया। बैठक में दिगौड़ा मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। इसमें शिवदयाल अहिरवार को मंडल अध्यक्ष तथा दामोदर चढ़ार को मंडल मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के दौरान किसानों ने विद्युत विभाग से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। किसानों का कहना था कि बिजली संबंधी परेशानियों के कारण उन्हें खेती किसानी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

दिए सख्त निर्देश, आखिरी किसान को खाद दिए बिना बंद नहीं होगा केंद्र

खाद की कतार में अचानक पहुंचे कलेक्टर, सुनी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले की जतारा मंडी में खाद के लिए घंटों कतारों में खड़े किसानों के बीच जब अचानक कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय पहुंच गए तो एक ओर तो किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई, वहीं दूसरी ओर खाद वितरण व्यवस्था में लगे कर्मचारियों में हलचल मच गई। जतारा मंडी स्थित खाद वितरण केंद्र पर कलेक्टर श्रोत्रिय के इस अचानक पहुंचने से वहां मौजूद किसान भी हैरान रह गए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने किसी औपचारिक निरीक्षण के बजाय सीधे किसानों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और खाद वितरण की जमीनी हकीकत जानी। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी किसान को खाद के लिए परेशान नहीं होना पड़े और वितरण व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दरअसल, जतारा मंडी के खाद वितरण केंद्र पर बड़ी संख्या में किसान खाद लेने के लिए कतारों में खड़े थे। पीओएस मशीन में तकनीकी खामी आने के कारण वितरण प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। इसके चलते किसानों को इंतजार करना पड़ रहा था।





किसानों के सामने सबसे बड़ी चिंता यह थी कि वे सुबह से खाद लेने के लिए केंद्र पर पहुंचे हैं, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण उन्हें खाद मिल पाएगी या नहीं। किसानों का कहना था कि जब वे खाद लेने के लिए आज आए हैं तो उन्हें आज ही खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें बार-बार केंद्र के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी बीच कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय अचानक खाद वितरण केंद्र पहुंच गए। उन्होंने कतारों में खड़े किसानों के बीच जाकर उनसे बातचीत की और उनकी परेशानियां सुनीं। किसानों ने पीओएस मशीन की तकनीकी समस्या और खाद वितरण में हो रही देरी की जानकारी दी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से भी स्थिति की जानकारी ली और व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने किसानों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता किसानों को खाद की सरल, सुगम और पुख्ता व्यवस्था उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि किसान परेशान न हों, मौके पर मौजूद सभी किसानों को आज ही खाद उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए चाहे कितना भी समय क्यों न लगे, खाद वितरण का काम जारी रहेगा। उन्होंने कर्मचारियों को दो टूक निर्देश देते हुए कहा कि जब तक कतार में खड़े अंतिम किसान को खाद नहीं मिल जाती, तब तक वितरण कार्य बंद नहीं किया जाए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने यह भी स्पष्ट किया कि तकनीकी समस्या या अन्य किसी कारण से किसानों को अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़े, इसके लिए अधिकारी वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। किसानों को खाद उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी में किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। खास बात यह रही कि कलेक्टर श्रोत्रिय ने कर्मचारियों को यह कहकर भी आगाह किया कि वे एक शिविर में जा रहे हैं, लेकिन वहां से लौटते समय दोबारा खाद वितरण केंद्र की व्यवस्था देखने पहुंचेंगे। उनके इस निर्देश से कर्मचारियों को साफ संदेश मिल गया कि खाद वितरण में केवल आश्वासन नहीं, बल्कि मौके पर व्यवस्था में सुधार भी दिखाई देना चाहिए। कलेक्टर श्रोत्रिय के अचानक पहुंचने और किसानों को उसी दिन खाद दिलाने के भरोसे से किसानों में राहत और विश्वास का माहौल नजर आया।

समाचार संक्षेप

कन्या महाविद्यालय में 30 दिवसीय ब्यूटीशियन कोर्स के प्रशिक्षण का समापन



चाचौड़ा। शासकीय कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा में स्वामी विवेकानन्द करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संजीत वास्तव(CEO जनपद पंचायत चाचौड़ा) एवं विशिष्ट अतिथि श्रवण कुमार नागले (CDPO, महिला एवं बाल विकास विभाग चाचौड़ा), तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. गोरेलाल बिसोरिया द्वारा की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणकर्ता पूर्ति व्यास द्वारा विगत एक माह के अंतर्गत स्किन केयर, थ्रेडिंग, हेयर स्टाइल, मेकअप आर्टिस्ट्री, नेल आर्ट्स इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया ताकि छात्राएं इस क्षेत्र में स्वरोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार , प्रकोष्ठ प्रभारी' स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रो. विनोद कुमार छारी, डॉ. कुलदीप शर्मा, डॉ. राज मोहम्मद, प्रो. नीलू मांझी, गरुड़ेस व्यास, प्रकाशचंद्र तामरे सहित महाविद्यालय का समस्त एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर संगोष्ठी व निबंध प्रतियोगिता की गई आयोजित



आरोन। युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित माय भारत केंद्र गुना के जिला युवा अधिकारी के निर्देशन में सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती कार्यक्रम के अवसर पर संगोष्ठी, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन नारायण युवा मंडल आरोन के संयोजन मै शासकीय हाईस्कूल रामपुर में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम मै मुख्य अतिथि के रूप मै संकुल प्राचार्य बालाराव एवं मुख्य वक्ता के रूप मै विजय वास्तव जी ने माँ सरस्वती और सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप मै उपस्थित विजय वास्तव जी ने राष्ट्रीय एकता मै सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के योगदान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देशी रियायतों का विलय करके अखंड भारत की स्थापना की। इसलिए उन्हें लौहपुरुष कहा जाता है। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। अंत मै शपथ लेकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

नगर में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पॉलीथिन और प्लास्टिक कचरा निकल रहा

राघौगढ़ में प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से चल रहा पॉलीथिन का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



नगर में प्रतिबंध के बावजूद सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। पर्यावरण को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों में पॉलीथिन भी शामिल है, लेकिन न तो जिम्मेदार अधिकारियों का इस ओर ध्यान है और न ही आमजन इसके प्रति जागरूक नजर आ रहे हैं। यही वजह है कि लगातार नगर और जिले में प्लास्टिक कचरे का ढेर बढ़ता जा रहा है, जो पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है।

सरकार ने 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक की कई श्रेणियों पर प्रतिबंध लागू किया था। इसके साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग, बिक्री और भंडारण पर रोक लगाने के लिए कड़े प्रावधान भी किए गए थे। नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माने और कारावास तक का प्रावधान है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर इन नियमों का प्रभावी पालन नहीं हो पा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते आज भी नगर और जिलेभर में प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं प्लास्टिक सामग्री की बिक्री खुलेआम हो रही है। नगर में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पॉलीथिन और प्लास्टिक कचरा निकल रहा है। यह कचरा नालियों, खाली भूखंडों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जमा होकर पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है। प्रतिबंध के बावजूद दुकानों पर पॉलीथिन का उपयोग जारी है। न तो आमजन अपनी जिम्मेदारी समझ रहे हैं और न ही संबंधित विभाग इसकी बिक्री और उपयोग पर प्रभावी रोक लगा पा रहे हैं। पॉलीथिन केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि जमीन और जल स्रोतों के लिए भी गंभीर नुकसानदायक है। इसे जमीन में दबाने से मिट्टी की प्राकृतिक गुणवत्ता और जल के रिसाव की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। वहीं, पॉलीथिन को खुले में जलाने से जहरीला धुआं निकलता है, जो वायु प्रदूषण बढ़ाने के साथ मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

नगर और जिलेभर में प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री के साथ डिस्पोजल गिलासों का उपयोग भी धड़ल्ले से किया जा रहा है। कई डिस्पोजल गिलासों में प्लास्टिक की परत होती है। गर्म चाय या अन्य पेय पदार्थ डालने पर इनसे कुछ रासायनिक तत्वों के निकलने की आशंका रहती है, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। ऐसे उत्पादों का लगातार उपयोग स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ा सकता है।

तीर्थ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का आरोन में किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

अयोध्या धाम एवं काशी विश्वनाथ के पावन दर्शन कर धार्मिक यात्रा से सकुशल लौटे तीर्थ यात्रियों का आरोन में ब्राह्मण समाज, रघुवंशी समाज एवं शिक्षक संघ द्वारा स्वागत और सम्मान किया गया। गौरतलब है कि यह पुण्यमयी यात्रा समाजसेवी पंडित राम प्रकाश शर्मा द्वारा अपनी माता की स्मृति में कराई गई थी।

यात्रा पर रवाना होते समय भी ब्राह्मण समाज के बंधुओं ने पुष्पमालाओं के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत कर मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी थीं। वहीं यात्रा पूर्ण कर लौटने पर पुनः आत्मीयता और हर्षोल्लास के साथ उनका अभिनंदन किया गया।स्वागत कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज, रघुवंशी समाज सहित समाज के वरिष्ठजनों ने तीर्थ यात्रियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनकी सुखद एवं सफल धार्मिक यात्रा के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। इसी क्रम में शिक्षक संघ के शिक्षकों द्वारा भी यात्रियों का सम्मान किया गया।यह आयोजन सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम, भाईचारे और धार्मिक आस्था का सुंदर उदाहरण बना। धार्मिक यात्राएं केवल तीर्थ दर्शन का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे आस्था, संस्कार, सद्भाव और सामाजिक एकता को भी मजबूत करती हैं।

कार्यक्रम में 30 प्रतिभागियों ने दी संगीतमय प्रस्तुतियां, सामाजिक समरसता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, दिल्ली पंजीकृत द्वारा स्थानीय मानस भवन, गुना में कराओके गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुना सहित अशोकनगर, शिवपुरी, कुंभराज, राघौगढ़ एवं एनएफएल विजयपुर के संगीत प्रेमियों ने अपनी गायन प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कुल 30 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेंद्र श्रीवास्तव, फाउंडर वाय.डी.सी. कंपनी शिवपुरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राहुल शर्मा, गुना, राजगढ़ एवं अशोकनगर ने की।

विशेष अतिथियों के रूप में वरिष्ठ व्याख्याता लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, अभिषेक शर्मा गुना, नरेंद्र श्रीवास्तव अध्यक्ष चित्रगुप्त मंदिर न्यास एवं अमोद श्रीवास्तव मोटिवेशनल स्पीकर शिवपुरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण एवं उद्देश्य प्रतिपादन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक राजेश श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है, जो संकोचवश अपनी गायन प्रतिभा को प्रदर्शित नहीं कर पाते।

संगीत एक ऐसी विधा है, जो मानसिक तनाव को दूर करने के साथ-साथ आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि महासभा भविष्य में भी सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी।कार्यक्रम में गायन प्रतियोगिता के दो दौर आयोजित किए गए। प्रथम दौर में सभी प्रतिभागियों ने अपना पहला गीत प्रस्तुत किया।

श्री हनुमान रामलीला में भगवान श्रीराम और नारद संवाद का मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



श्री हनुमान रामलीला में शुक्रवार की रात्रि पम्पा सरोवर पर भगवान श्रीराम और नारदजी के बीच संवाद का मंचन किया गया। इसमें नारदजी ने भगवान से विवाह न करने का कारण पूछा तथा संतों के गुणों की चर्चा हुई। इसके बाद ऋष्यमूक पर्वत पर भगवान श्रीराम और लक्ष्मणजी को आते देखकर सुग्रीव आश्चर्यचकित हो जाते हैं। उन्हें आशंका होती है कि कहीं दोनों भाई बाली द्वारा भेजे गए योद्धा तो नहीं हैं। इस पर वे हनुमानजी को विप्र (ब्राह्मण) का वेश धारण कर उनका परिचय जानने के लिए भेजते हैं। हनुमानजी ब्राह्मण वेश में भगवान श्रीराम से भेंट करते हैं। परिचय प्राप्त होने पर वे अपने वास्तविक स्वरूप में आकर भगवान से प्रार्थना करते हैं और दोनों भाइयों को अपने कंधों पर बैठाकर सुग्रीव के पास ले जाते हैं। इसके बाद भगवान श्रीराम और सुग्रीव के बीच परिचय होता है तथा अग्नि को साक्षी मानकर दोनों मित्रता के बंधन में बंध जाते हैं। मित्रता के पश्चात दोनों एक-दूसरे को अपनी आपबीती सुनाते हैं। सुग्रीव बताते हैं कि उनके भाई बाली ने उनकी पत्नी और राज्य छीन लिया है। इस पर भगवान श्रीराम सुग्रीव को न्याय दिलाने और पृथ्वी को राक्षसों से मुक्त कराने में सहायता करने का आश्वासन देते हैं। इसके बाद भगवान श्रीराम सुग्रीव को बाली से युद्ध करने के लिए भेजते हैं, लेकिन दोनों भाइयों का रूप एक जैसा होने के कारण भगवान उन्हें पहचान नहीं पाते। सुग्रीव मार खाकर वापस लौट आते हैं। दूसरी बार भगवान श्रीराम सुग्रीव के गले में माला पहनाकर उन्हें युद्ध के लिए भेजते हैं। पहचान सुनिश्चित होने पर भगवान श्रीराम सात ताड़ वृक्षों की ओट से बाण चलाकर बाली का वध कर देते हैं।

बाली वध के दौरान दोनों के बीच मार्मिक संवाद होता है। बाली भगवान श्रीराम से प्रश्न करता है कि आपने सुग्रीव को प्रिय मानकर उसका साथ दिया और मुझे शत्रु समझकर क्यों मार दिया।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ को लेकर भाजपा ने की गोष्ठी आयोजित



अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को स्थानीय माधव भवन में लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ को लेकर अशोकनगर विधानसभा की प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल ने भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं,लोकतंत्र की मजबूती संवैधानिक मूल्यों की रक्षा तथा समाज में शांति सुशासन एवं व्यवस्था बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने विपक्षी दलों विशेष कर कांग्रेस द्वारा वर्तमान में जो देश में अराजकता भरे हालत पैदा किए जा रहे हैं, इसकी कड़ी आलोचना की उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है, जिसके चलते केंद्र तथा कई राज्यों में सुचारू रूप से भाजपा की सरकारें चल रही है और आमजन की सेवा कर रही है। संगोष्ठी को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व अध्यक्षीय भाषण भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुधीर रघुवंशी ने एवं आभार टोली के संयोजक प्रताप भान सिंह यादव ने व्यक्त किया। इस दौरान मंच पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह,लड्डूराम कोरी गजराम सिंह यादव नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री रविंद्र लोधी पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष जैन उमेश रघुवंशी मलकीत सिंह संधू रोशन कोहली सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति ने स्थापना दिवस मनाया



ईसागढ़। मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर द्वारा स्थापना दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, मेंटर्स तथा नवांकुर सखियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान छात्रा अंजली बघेल ग्रुप द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई। गीत के माध्यम से उपस्थित लोगों में प्रदेश के गौरव, संस्कृति और विकास के प्रति उत्साह एवं गौरव की भावना देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में संस्था सचिव दिनेश कुमार सेन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, छात्र-छात्राओं, मेंटर्स एवं नवांकुर सखियों का आभार व्यक्त करते हुए मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन प्रदेश की एकता, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ। इस दौरान बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आकलोन के लिए आशा देशमुख सचिव सोनम जाटव अध्यक्ष के नाम का चयन किया। वहीं दयालपुर के लिए जय जाधव के नाम का चयन किया। शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत न्यायालय में हुआ बाल जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



01 नवम्बर को जिला न्यायालय अशोकनगर में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एवं बाल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर सतीश चंद्र शर्मा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय केशव मणि सिंघल, जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक नागराज तथा अन्य समस्त सम्माननीय न्यायाधीशगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्तागण एवं बालक-बालिका छात्रावास से आए छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित गर्ल्स एवं बॉयज छात्रावास के छात्र- छात्राओं ने समस्त अतिथियों एवं विशेषज्ञों द्वारा दिए गए उद्बोधनों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनमें बताई गई महत्वपूर्ण बातों को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। बच्चों को यह संदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार अथवा शोषण की स्थिति में भयभीत या मौन न रहें, बल्कि अपने अभिभावकों,शिक्षकों अथवा विश्वसनीय व्यक्तियों को इसकी जानकारी दें तथा आवश्यकता पड़ने पर विधिक सहायता प्राप्त करें। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा द्वारा बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समस्त अतिथियों, न्यायिक अधिकारियों, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्तागण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सुरक्षित बचपन के उद्देश्य को सफल बनाने तथा बच्चों के अधिकारों एवं संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया।

सूने रास्तों पर बढ़ रही अनैतिक गतिविधियां, कन्या छात्रावास और हैंडलूम पार्क मार्ग बने मुख्य अड्डे



चंदेरी। ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी चंदेरी में इन दिनों विभिन्न सार्वजनिक और सूने मार्ग असामाजिक तथा अनैतिक गतिविधियों के मुख्य केंद्र बनते जा रहे हैं। सबसे संवेदनशील और चिंताजनक स्थिति नगर के कन्या शाला गर्ल्स हॉस्टल के समीप एवं हैंडलूम पार्क मार्ग पर देखने को मिल रही है,जहाँ दिन-दिहाड़े और सुबह- शाम कम उम्र के युवा-युवतियों कपल्स का जमावड़ा लगा रहता है। आवाजाही कम होने का फायदा उठाकर यहाँ सरेआम अमर्यादित हरकतें और चर्चाएं देखने को मिल रही हैं, जिससे आसपास के निवासियों और छात्राओं की सुरक्षा पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा हो गया है।

गर्ल्स हॉस्टल के पास अनैतिक हरकतें बनीं सुरक्षा में सेंध

हैंडलूम पार्क मार्ग से सटा हुआ कन्या छात्रावास होने के कारण यह पूरा मामला अत्यंत संवेदनशील हो जाता है। हॉस्टल के आसपास इस तरह की अवांछित गतिविधियों से वहां रह रही छात्राओं में असहजता और असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सूनेपन का फायदा उठाकर कम उम्र के लड़के-लड़कियां यहाँ घंटों खड़े रहते हैं,जिससे मार्ग से गुजरने वाली महिलाओं और बच्चियों के लिए असहज स्थिति पैदा हो जाती है।

सभी समाज के प्रमुखों को सौंपी संगठन की जिम्मेदारी

शिक्षा, सेवा और राष्ट्रहित के कार्यों को आगे बढ़ाने पर दिया जोर



अशोकनगर। सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में सकल हिंदू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष राजेश बालू ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं भगवान श्रीराम के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा, प्रदेश मंत्री अभय खेर, प्रदेश कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी एवं कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र सिंह यादव सहित विभिन्न समाजों के प्रमुख एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश मंत्री अभय खेर ने संगठन की रूपरेखा, विचारधारा एवं आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कहा कि सकल हिंदू समाज का उद्देश्य सभी समाजों एवं सामाजिक संगठनों को एक मंच पर जोड़कर आपसी प्रेम, भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं सकारात्मक सोच को मजबूत करना है।

समाज सेवा और राष्ट्रहित के लिए एकजुट हों सभी समाजः प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सकल हिंदू समाज कोई राजनीतिक मंच नहीं, बल्कि समाज सेवा और सामाजिक समरसता का एक व्यापक अभियान है। हमारा उद्देश्य सभी समाजों को साथ लेकर नर सेवा नारायण सेवा के भाव से सेवा कार्यों को आगे बढ़ाना है। समाज के युवाओं को राष्ट्रभक्ति,संस्कार एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज समाज के सामने अनेक चुनौतियां हैं। हमें आपसी भेदभाव, जातिगत मनमुटाव और सामाजिक दूरियों को समाप्त कर एक-दूसरे के प्रति सम्मान एवं सकारात्मक सोच विकसित करनी होगी। कार्यक्रम को दिनेश जैन ने भी संबोधित किया।

अवैध रूप से उगाए जा रहे आरोपी से गांजे के 26 पौधे बरामद

अशोकनगर। थाना प्रभारी कचनार उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुशवाह के नेतृत्व में थाना कचनार पुलिस द्वारा ग्राम बांसखेड़ी में दबिश देकर अवैध रूप से उगाए गए गांजे के 26 छोटे-बड़े पौधे, कुल वजन 26 किलोग्राम, जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि चैकी प्रभारी राजपुर उप निरीक्षक गौरीशंकर ओझा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम बांसखेड़ी निवासी अशोक पुत्र रामसिंह यादव द्वारा अपने घर के आंगन में अवैध रूप से गांजे के पौधे उगाए जा रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा पंच साक्षियों के साथ मौके पर पहुंचकर विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी अशोक यादव के घर के आंगन में गांजे के 26 छोटे-बड़े पौधे लगे हुए पाए गए।

लापरवाही का लगाया आरोप

डिलेवरी के बाद महिला की मौत



अशोकनगर। सिटी कोतवाली के अंतर्गत ग्राम आंवरी निवासी प्रसूतिका आरती कुशवाह पति अरबिंद कुशवाह को जिला अस्पताल अशोकगर में प्रसूती के लिए लाया गया था। ऑपरेशन से डिलेवरी के बाद इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

शनिवार को परिवार जन आरती कुशवाह को प्रसव पीड़ा होने के बाद जिला अस्पताल अशोकनगर में डिलेवरी के लिए लेकर पहुंचे थे डयूटी पर मौजूद महिला चिकित्सक डॉ. कीर्ति गोलिया द्वारा दोपहर तक यही कहा जाता रहा कि वह आ रही हैं, वह इंतजार करते रहे, 2 बजे के बाद जब वह अस्पताल आईं तब आरती कुशवाह ने ऑपरेशन के बाद बेटे को जन्म दिया, उस समय तक प्रसूतिका की हालत सामान्य थी, लेकिन कुछ देर बाद मौजूदा स्टाफ द्वारा कहा गया कि महिला को खून की कमी है, परिवार जनों की ओर से नीरज कुशवाह ने बताया कि उसके बाद उनकी हालत गंभीर बताई गई और देर रात आरती कुशवाह की मौत हो गई। रविवार को पोस्टमार्टम किया गया पोस्टमार्टम के दौरान परिवार जनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही पर आरोप लगाया है, और पूरे मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

खबर संक्षेप

अंताक्षरी प्रतियोगिता में महिला ग्रुप रहा विजेता

बीना। महाराष्ट्रीयन समाज ने शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया। जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम हुए। अंताक्षरी प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला के ग्रुप में हुई। जिसमें महिला ग्रुप ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता में विजेता-उपविजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के पश्चात दूध वितरण का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष श्रीधर राव खांडेकर, सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष अरविंद धर्मपुरीकर, संजय बापट, अनंत आचवल, उदय आचवल, डॉ श्याम बापट, डॉ संध्या टिकेकर, दीपक मौघे, हेमंत कहु सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

गोमती नंदन पब्लिक स्कूल ने खो-खो प्रतियोगिता में लहराया परचम



बीना। लिटिल स्टार शैलेश मेमोरियल स्कूल, सागर में आयोजित सहोदया डिस्ट्रिक्ट लेवल खो-खो प्रतियोगिता में गोमती नंदन पब्लिक स्कूल, बीना के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बॉयज एवं गर्ल्स दोनों वर्गों में स्कूल की टीमों ने फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज कर चैंपियनशिप अपने नाम की। प्रतियोगिता में बॉयज और गर्ल्स वर्ग की 8-8 टीमों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबलों के बीच गोमती नंदन पब्लिक स्कूल की दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए फाइनल में जगह बनाई। गर्ल्स वर्ग के फाइनल मुकाबले में गोमती नंदन पब्लिक स्कूल की बालिकाओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 6-9 के स्कोर से जीत हासिल की। वहीं बॉयज वर्ग के फाइनल में विद्यालय के बालकों ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए 4-5 से मुकाबला अपने नाम कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। स्कूल प्रबंधन ने दी बधाई- इस दोहरी सफलता पर विद्यालय के डायरेक्टर विकास अग्रवाल एवं प्रिंसिपल शिखा अग्रवाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों, स्पोर्ट्स कोच एवं कोमल सर को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास, अनुशासन और कोच के उचित मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि विद्यालय ने दोनों वर्गों में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे बीना क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हुआ है। विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों एवं खेल शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस में लगेगा अतिरिक्त सामान्य श्रेणी का कोच

बीना। रेल यात्रियों की सुविधा तथा ट्रेनों में बढ़ते यात्रीभार को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा ट्रेन नंबर 14813/14814 जोधपुर–भोपाल–जोधपुर एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से एक अतिरिक्त सामान्य श्रेणी का कोच लगाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन नंबर 14813 जोधपुर–भोपाल एक्सप्रेस 1 नवंबर से 30 नवंबर तक तथा ट्रेन नंबर 14814 भोपाल–जोधपुर एक्सप्रेस में 2 नवंबर से 1 दिसंबर तक एक अतिरिक्त सामान्य श्रेणी कोच के साथ संचालित की जायेगी।

बोले: पहले से उपलब्ध मशीनों का हिसाब दें

नपा के 14 प्रस्तावों पर भाजपा पार्षद ने उठाए सवाल, कलेक्टर से जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



नगर पालिका परिषद शिवपुरी की प्रस्तावित साधारण सम्मेलन की कार्यसूची में शामिल करोड़ों रुपये के विकास एवं वित्तीय प्रस्तावों को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है। भाजपा पार्षद विजय बिंदास ने कार्यसूची में शामिल 14 प्रमुख विषयों पर आपत्ति जताते हुए कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। उन्होंने प्रस्तावों में वित्तीय एवं प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने और उनकी निष्पक्ष जांच होने तक किसी भी प्रकार की स्वीकृति एवं भुगतान पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने परिषद की प्रस्तावित बैठक निरस्त करने का आग्रह भी किया है।

करोड़ों की खरीदी पर उठाए सवाल

पार्षद विजय बिंदास ने अपने आवेदन में PLC-स्काडा प्रणाली के लिए प्रस्तावित 1.91 करोड़ रुपये के व्यय, मोटर पंप और जनरेटर की खरीदी, पानी की टंकियों के निर्माण तथा वर्ष 2026-27 में टेंट व्यवस्था पर एक करोड़ रुपये खर्च करने के प्रस्ताव पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यों की वास्तविक आवश्यकता, लागत और उपयोगिता का पहले निष्पक्ष परीक्षण होना चाहिए, ताकि नगर पालिका के राजस्व का उपयोग पारदर्शी तरीके से किया जा सके। सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के नाम पर जेसीबी, डंपर, पोकलेन, वैक्यूम और सुपर सकर मशीनों की खरीदी के प्रस्ताव पर भी पार्षद ने आपत्ति दर्ज कराई है। उनका कहना है कि नगर पालिका के पास पहले से उपलब्ध मशीनों की संख्या, उनकी वर्तमान स्थिति और कार्यक्षमता का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाना चाहिए। यदि पहले से मौजूद मशीनें उपयोग के योग्य हैं तो नई मशीनों की खरीदी की आवश्यकता और उसके औचित्य को स्पष्ट किया जाना जरूरी है।

वाहन मरम्मत और डीजल खर्च का भी मांगा हिसाब

बिंदास ने वर्ष 2022 से अब तक वाहनों की मरम्मत, परिवहन व्यय और डीजल मद में किए गए खर्च का विस्तृत ब्योरा उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही बजट में डीजल मद के पुनः आवंटन और पीआईसी (प्रेसीडेंट इन काउंसिल) के संकल्पों की वैधानिकता की जांच कराने की बात कही है। उनका तर्क है कि नगर पालिका के पुराने खर्चों और उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण किए बिना नए वित्तीय प्रस्तावों को स्वीकृति देना उचित नहीं होगा।

दुकानों और व्यावसायिक परिसरों के प्रस्ताव भी जांच के दायरे में

नगर पालिका के अंतर्गत पोहरी रोड बस स्टैंड पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मंगल भवन के पास दुकानों के निर्माण, गीता भवन निर्माण तथा वार्डखेड़ी ट्रांसपोर्ट नगर की दुकानों को लीज पर देने संबंधी प्रस्तावों पर भी सवाल उठाए गए हैं। पार्षद ने इन मामलों में जमीन के मालिकाना हक, निर्माण की स्थिति, दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया और निविदा संबंधी दस्तावेजों की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सार्वजनिक संपत्तियों से जुड़े निर्णयों में पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी तरह का विवाद उत्पन्न न हो।

लंबित भुगतान और नगर पालिका की आय-व्यय पर भी सवाल

आवेदन में समाधिया कॉर्पोरेशन के लंबित भुगतान से पहले तकनीकी जांच कराने, नवाब साहब रोड का नाम बदलकर शिवाजी मार्ग करने की प्रक्रिया की वैधानिकता स्पष्ट करने तथा बाजार बैठक और मेले से होने वाली आय एवं व्यय का पूरा हिसाब सार्वजनिक करने की मांग भी शामिल है। जांच पूरी होने तक निर्णय नहीं लेने की मांग की गई है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

'निष्ठा और समर्पण के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करें'

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (ITBP) की दूरसंचार वाहिनी शिवपुरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक आयोजित इस सप्ताह का समापन 2 नवंबर को किया गया। समारोह में वाहिनी के उप महानिरीक्षक राजीव लोचन शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान वाहिनी परिसर में विभिन्न जागरूकता एवं रचनात्मक गतिविधियों के साथ कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, हिमवीरों एवं अन्य प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से कार्मिकों को कार्यक्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। समापन समारोह में उप महानिरीक्षक राजीव लोचन शुक्ला ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह, अनुशासन और सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन कार्मिकों में जागरूकता के साथ सकारात्मक सोच, आपसी सहयोग और टीम भावना को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्मिक को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करना चाहिए। कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखना प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का समापन सतर्कता, ईमानदारी और कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता के संकल्प के साथ हुआ। इस आयोजन ने वाहिनी के कार्मिकों को अपने कार्यों में नैतिक मूल्यों एवं अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया।

नरवर में आबकारी विभाग की दबिश, अवैध शराब जब्त

51 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार, आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत टीम ने नरवर क्षेत्र के ग्राम बढ़खाड़ी में दबिश देकर 36 लीटर अवैध मदिरा जब्त की है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसे वैधानिक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वृत्त करैरा की आबकारी टीम ने ग्राम बढ़खाड़ी में दबिश दी। तलाशी के दौरान मौके से मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त 36 लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई।

कार्रवाई के दौरान कल्लू पुत्र हरबिलास केवट (51), निवासी ग्राम बढ़खाड़ी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) एवं 49(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

यह कार्रवाई आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के नेतृत्व में की गई। वृत्त करैरा प्रभारी राहुल गुप्ता ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभाग द्वारा लगातार निगरानी और दबिश की कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई में वृत्त प्रभारी राहुल गुप्ता, आबकारी उपनिरीक्षक विनीत कुमार शर्मा, बृजराज शर्मा, लोकेश बेवारिया सहित आबकारी बल एवं होमगार्ड के जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा इस कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति से रीवा, गोरखपुर के लिए चलेंगी दो स्पेशल ट्रेनें

बीना। दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति स्टेशन से रीवा, गोरखपुर के लिए दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन ट्रेनों से भोपाल मंडल सहित विभिन्न स्टेशनों के यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

ट्रेन नंबर 02185 रानी कमलापति–रीवा स्पेशल ट्रेन 5 नवंबर (गुरुवार) को रानी कमलापति स्टेशन से रात 10:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शुक्रवार को सुबह 7:20 बजे रीवा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 02186 रीवा–रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 6 नवंबर (शुक्रवार) को रीवा से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात 9:15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

इस ट्रेन का मार्ग एवं ठहराव- ट्रेन नंबर 02185 रानी कमलापति से प्रस्थान 10:15 बजे, विदिशा आगमन 11:08 बजे, बीना जंक्शन आगमन रात 12:20 बजे, सागर आगमन 1:30 बजे, दमोह आगमन 2:40 बजे, कटनी मुड़वारा आगमन सुबह 4:10 बजे, मैहर आगमन 5:35 बजे एवं प्रस्थान 5:40 बजे, सतना आगमन 6:15 बजे तथा रीवा आगमन 7:20 बजे होगा। इसी तरह ट्रेन नंबर 02186 रीवा से प्रस्थान दोपहर 12:30 बजे, सतना आगमन 1:20 बजे, मैहर आगमन 1:50 बजे, कटनी मुड़वारा आगमन 2:50 बजे, दमोह आगमन शाम 4:10 बजे, सागर आगमन 5:15 बजे, बीना जंक्शन आगमन 6:45 बजे एवं प्रस्थान 6:50 बजे, विदिशा आगमन 7:50 बजे तथा रानी कमलापति स्टेशन आगमन रात 9:15 बजे होगा।

पराली न जलाने वाले अन्नदाताओं को किया सम्मानित

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर जैविक हाट बाजार में किसानों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

मध्य प्रदेश के 71वें स्थापना दिवस पर रविवार 1 नवंबर को बीना के जैविक हाट बाजार में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पिछले 11 महीनों से निरंतर जैविक हाट बाजार का संचालन कर रहे किसान भाइयों तथा आज तक पराली नहीं जलाने वाले जागरूक किसानों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बीना के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश राय ने कहा कि पिछले 11 महीनों से किसान भाइयों द्वारा निरंतर जैविक हाट बाजार का आयोजन किया जा रहा है। इस बाजार में किसान अपने खेतों में उत्पादित जैविक एवं प्राकृतिक कृषि उत्पाद लेकर आते हैं, जिससे शहरवासियों को शुद्ध, पौष्टिक एवं प्राकृतिक उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं। यह पहल किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं और किसानों के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

उन्होंने कहा कि पराली न जलाना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किसानों का एक सराहनीय कदम है। फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करके किसान मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। ऐसे जागरूक किसानों का सम्मान अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा।

इस अवसर पर जैविक हाट बाजार को निरंतर संचालित करने वाले तथा पराली नहीं जलाने वाले किसानों को सम्मानित किया गया।

शिक्षक श्रीवास्तव हुए सेवानिवृत्त, विदाई समारोह में जीवनसाथी हुईं भावुक



बीना। एक्सीलेंस स्कूल क्रमांक-1 में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक कृष्ण कुमार श्रीवास्तव शनिवार को शैक्षणिक सेवा पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त हुए। उनके सम्मान में विद्यालय परिवार की ओर से विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में श्रीवास्तव को शाल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सहकर्मियों ने उनके अनुशासन, सरल व्यवहार, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए भावभीनी विदाई दी। समारोह में उस समय माहौल भावुक हो गया, जब उनकी धर्मपत्नी कविता श्रीवास्तव अपने जीवनसाथी की विदाई के अवसर पर भावुक हो गईं। उन्हें भावुक देखकर परिवारजन, शिक्षक और अन्य उपस्थित लोग भी अपने आंसू नहीं रोक सके। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य सुनीता अहिरवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता सुनीता जैन ने की। इस अवसर पर भोलानाथ मिश्रा, नोजरत सिद्धि, प्रमोद बावले, राजेश जैन और राजकुमार तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि कृष्ण कुमार श्रीवास्तव ने अपने सेवाकाल में हमेशा अनुशासन और जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी। उनका व्यवहार सहकर्मियों के प्रति सहयोगात्मक रहा और विद्यार्थियों के साथ उनका आत्मीय संबंध रहा। उन्होंने पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका अनुभव और मार्गदर्शन विद्यालय परिवार के लिए हमेशा प्रेरणादायी रहेगा।

राजा की मुड़ैरी में कुशवाह परिवार पर हमले का मामला

आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर घेरा एसपी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के सिरसौद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राजा की मुड़ैरी में कुशवाह परिवार पर हुए हमले के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज कुशवाह समाज ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर घेराव किया। समाज के लोगों ने कार्यालय के बाहर धरना देकर पुलिस कार्रवाई में देरी पर नाराजगी जताई और नामजद आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठाई।

धरने की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और समाजजनों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान एसडीओपी और प्रदर्शनकारियों के बीच बातचीत के दौरान बहस की स्थिति भी निर्मित हो गई। बाद में पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया ने समाज के पांच प्रतिनिधियों से चर्चा की। उन्होंने मामले में तीन दिन के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद समाजजनों ने धरना समाप्त कर दिया।

दुकान पर पहुंचकर फायरिंग और धमकी देने का आरोप

समाज की ओर से सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, ग्राम राजा की मुड़ैरी निवासी सीताराम कुशवाह की दुकान पर 18 अक्टूबर की रात अमन अंकित और टीटू पहुंचे थे। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने गाली-गलौज करते हुए बंदूक से फायर किया और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के संबंध में सिरसौद थाना पुलिस ने 19 अक्टूबर को एफआईआर दर्ज की थी। समाजजनों की मांग है कि प्रकरण में आर्म्स एक्ट की धाराएं भी जोड़ी जाएं तथा फायरिंग में इस्तेमाल बंदूक जब्त कर उसका लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 21 अक्टूबर की रात करीब एक बजे सीताराम कुशवाह की गैरमौजूदगी में आरोपियों और उनके परिवार के सदस्यों ने उनके घर पहुंचकर भाभी मिथलेश कुशवाह, रेखा कुशवाह और भरत कुशवाह पर लाठी-डंडों एवं कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। समाज की ओर से आरोप लगाया गया कि इस हमले में एक महिला की हाथ की उंगली कटकर अलग हो गई, जबकि सिर में भी गंभीर चोट आई। इस घटना के संबंध में भी पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज किए जाने की बात ज्ञापन में कही गई है। कुशवाह समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि दोनों घटनाओं में नामजद आरोपी अब तक गिरफ्तार नहीं हुए हैं। वहीं, पीड़ित परिवार को लगातार धमकियां मिलने के कारण भय का माहौल बना हुआ है।

